कृषि विज्ञान केन्द्र
(गो0 ब0 पंत कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय)
धनौरी–हरिद्वार

पत्रांकः केवीके/धनौरी/1393 दिनांकः 18 अक्टूबर, 2019

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि विज्ञान केन्द्र, धनौरी–हरिद्वार के प्रक्षेत्र पर रबी 2018–19 में गेहूं की प्रजाति एच0 डी0 2967 के संसाधन उपरांत अवशेष छानस मात्रा 47.50 कुंतल को विक्रय किया जाना है, जिसकी नीलामी दिनांक 5 नवम्बर, 2019 की अपराह्न 3:00 बजे केन्द्र के प्रक्षेत्र पर सक्षम समिति द्वारा की जायेगी। नीलामी में प्रतिभागी को बोलीदाता के रूप में रू0 5,000.00 (रू0 पांच हजार मात्र) धरोहर राशि के रूप में जमा करनी होगी। अधिकतम् बोलीदाता को समिति की स्वीकृति के उपरांत कुल मूल्य का 25 प्रतिशत अग्रिम धनराशि के रूप में तुरन्त जमा करनी होगी तथा उठान से पूर्व सम्पूर्ण धनराशि जमा करनी होगी। अधिकतम बोलीदाता के अतिरिक्त अन्य बोलीदाताओं द्वारा जमा की गयी रू0 5,000.00 की धरोहर राशि उसी समय वापस करदी जायेगी। एक सप्ताह के अंदर क्रेता द्वारा माल न उठाने पर उनके द्वारा जमा की गयी धरोहर राशि जब्त की जा सकती है । उचित मूल्य न मिलने की दशा में समिति को नीलामी निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। नीलाम की जाने वाली सामग्री की मात्रा अनुमानित है यह घट बढ़ सकती है। केन्द्र द्वारा किसी भी प्रकार का वारदाना, श्रमिक, आदि उपलब्ध नहीं करवाये जायेंगे। अधिक जानकारी प्रभारी अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र, धनौरी–हरिद्वार से कार्यालय में कार्यालय समय अथवा मोबाईल नं0 9410523909 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

(पुरुषोत्तम कुमार) 18.10.2019
प्रभारी अधिकारी

प्रतिलिपिः

1. निकट ग्रामसभाओं के सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु।
2. अध्यक्ष मण्डी, समिति, रूड़की, ज्वालापुर, हरिद्वार।
3. प्रभारी, विश्वविद्यालय बेबसाईट को उक्त सूचना को बेबसाईट पर विज्ञापित कराने हेतु।